दिन– शुक्रवार दिनांक– 24 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने आज विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया है। विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान विश्वास प्रस्ताव को लेकर मतदान की स्थिति नहीं आयी और प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हो गया। विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुये मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि एनडीए सरकार को बिहार की चौदह करोड़ जनता का विश्वास हासिल है। उन्होंने कहा कि वे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कामों को आगे बढ़ायेंगे। चर्चा में भाग लेते हुये जदयू के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने विश्वास मत प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि एनडीए की दूसरी पीढ़ी ने सत्ता संभाला है, जो एक ऐतिहासिक फैसला है। श्री चौधरी ने नेता प्रतिपक्ष के आरोपों को खारजि करते हुये कहा कि एनडीए को बिहार की जनता का विश्वास हासिल है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को इस बात का मलाल है कि प्रदेश की जनता ने उन्हें नकार दिया है। इससे पहले चर्चा की शुरूआत करते हुये नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार में पिछले पांच सालों में पांच सरकार बनी है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हुआ है।

—————————————————————

आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस है। इस अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इधर, प्रदेश की सभी पंचायतों में भी विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम सभा के साथ–साथ जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पंचायती राज विभाग के निदेशक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम सभाओं में महिला सशक्तीकरण, पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स, सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण और स्वयं के राजस्व स्त्रोत में वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जा रही है। गौरतलब है कि तिहत्तरवें संविधान संशोधन अधिनियम के क्रियान्वयन के बाद प्रत्येक वर्ष चौबीस अप्रैल को पंचायती राज दिवस मनाया जाता है।

—————————————————————

केंद्र सरकार ने दो हजार पच्चीस–छब्बीस में पचहत्तर लाख से अधिक अनुसूचित जाति के छात्रों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए सात हजार नौ सौ इक्यासी करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि विभाग अनुसूचित जाति के हाशिए पर पड़े छात्रों के शैक्षिक सशक्तिकरण पर केंद्रित कई योजनाएं लागू कर रहा है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार छब्बीस अप्रैल को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मन की बात कार्यक्रम की एक सौ तैंतीसवीं कड़ी होगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसे प्रसारित किया जाएगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा।

———————————————————————

प्रदेश में अगले तीन से चार दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहेगा। इस दौरान तापमान सामान्य से तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक अधिक बने रहने की चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि आज रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद और जहानाबाद समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में लू चलने की आशंका है। वहीं, राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।